प्रादेशिक समाचार
10.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार का कल आखिरी दिन, एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत।

2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बोकारो और गुमला में चुनावी सभा में झामुमो और कांग्रेस पर किया प्रहार, कहा– भाजपा ने सदैव जनजातियों के हितों और कल्याण का रखा ध्यान।

3. प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने रांची के रातू रोड में एनडीए के पक्ष में किया रोड शो, श्री मोदी की एक झलक देखने को उमड़ा जनसैलाब।

4. झामुमो नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, संवैधानिक संस्थाओं के जरिये चुनाव प्रक्रिया को हड़पने का लगाया आरोप।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर प्रचार के लिए कल आखिरी दिन है। ऐसे में एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज झारखंड में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बोकारो में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने हमेशा आदिवासी के हितों और उनके कल्याण पर ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए आदिवासी भाई–बहनों की आकांक्षाएं और स्वाभिमान हमेशा सर्वोपरि रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है और राज्य सरकार के मंत्रियों के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में भाजपा के पक्ष में प्रचंड आंधी चल रही है।
साउंड बाईट––पीएम बोकारो––49 सेकेंड
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुमला में भी एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन के नेताओं पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में घुसपैठ को रोकने के लिए भाजपा की सरकार चाहिए।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रांची में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो भी किया। राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउंड से शुरू हुआ यह रोड शो न्यू मार्केट चौक पर संपन्न हुई। प्रधानमंत्री के रोड शो में एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। रोड शो के दौरान रांची वासियों ने श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा–झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को विजयी बनाने के लिए हमारे कार्यकर्ता अथक परिश्रम के साथ पूरे समर्पण भाव से जुटे हुए हैं।

****************

भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने गढ़वा में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेतृत्ववाली सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज देवघर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पांच वर्षों में इन्होंने राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया है, लेकिन जनता उनकी मंशा को पूरा नही होने देगी।

****************

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी पलामू में दो चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में वोट करने की अपील की। श्री पासवान ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए इंडी गठबंधन के नेताओं पर झूठा वायदा करने का आरोप लगाया।

****************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इंडी प्रत्याशियों के समर्थन में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। श्री सोरेन ने गढ़वा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं के जरिये चुनाव प्रक्रिया को हड़पने का आरोप लगाया।

****************

इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कोडरमा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों को ठगने का काम किया हैं।
उधर राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चतरा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में दो चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री यादव ने भाजपा पर केन्द्रीय एजेंसियों के जरिये डराने का आरोप लगाया।

****************

कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला है। रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री भगत ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री जिम्मेवार हैं।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहरायी है। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राज्य में आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक करोड़ 76 लाख 15 हजार रूपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। श्री कुमार ने बताया कि कल पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में हेलीकॉप्टर के माध्यम से 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को रवाना किया जाएगा।

****************

राज्य में ठंड तेजी से बढ़ रही है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे के बाद न्यूनतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। आगामी 16 नवंबर तक सवेरे कोहरा छाये रहने और मौसम के शुष्क बने रहने का पूर्वानुमान है। राज्य के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है।

*******समाप्त*******